I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)

# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 154 Cr.P.C.)
## प्रथम सूचना रिपोर्ट
### (धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)

1. **District (जिला):** STATE VIGILANCE BUREAU **P.S. (थाना):** SVB GURGAON **Year (वर्ष):** 2023

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0001 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 02/01/2023 17:12 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 120-B |
| 2 | IPC 1860 | 384 |
| 3 | IPC 1860 | 420 |
| 4 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)(b) |
| 5 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7A |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** **Date from (दिनांक से):** **Date To (दिनांक तक):**

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 02/01/2023 **Time (समय):** 13:35 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 018 **Date and Time (दिनांक और समय):** 02/01/2023 16:47 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH, 60 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** जिला नुहँ,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** Manoj Kumar

(b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 12/01/1982 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

**I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | Present Address | Jhajjar, CITY BAHADURGARH, JHAJJAR, HARYANA, INDIA |
| 2 | Permanent Address | Jhajjar, CITY BAHADURGARH, JHAJJAR, HARYANA, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):**

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वकील अहमद HCS | | | 1. जिला नुहँ,NUH,HARYANA,INDIA |
| 2 | फकरुदीन | | | 1. जिला नूँह,NUH,HARYANA,INDIA |
| 3 | अकील | | | 1. जिला नुहँ,NUH,HARYANA,INDIA |
| 4 | ताहिर | | | 1. जिला नुहँ,NUH,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में, प्रबन्धक थाना, राज्य चैकसी ब्यूरो, गुरूग्राम। श्रीमान जी, निवेदन है कि मै सिराजुदीन पुत्र श्री छोटें खां निवासी गांव थाना आलम उर्फ मसीत तहसील व थाना तावडू जिला नूंह का स्थाई निवासी हूँ। मेरे भाई की पुत्र वधू मुरसीदा पत्नी युसुफ हाल ही में हुये जिला परिषद नूंह के चुनाव में वार्ड न0 03 तावडू से पार्षद पद की प्रत्याशी थी। जिनका चुनाव दिनांक 30.10.2022 को सम्पन्न हुआ था और नतीजे दिनांक 27.11.2022 को आये थे।

2. चुनाव सम्पन्न होने के कुछ दिन बाद फकरूदीन, अकील व ताहिर नाम के व्यक्ति मेरे से आकर मिले और कहा कि चुनाव में तुम्हारी पोजिशन ठीक लग रही है यदि तुम 10 लाख दे दोगे तो जिस गांव में तुम्हारी कम वोट है उस गांव की वोटिंग मशीनो में फर्जी तरीके से वोट डलवाकर तुम्हे जितवा देगें। यदि तुम 10 लाख रूपये नही दोगे तो आप 100-200 वोटो से हार जाओगें। फकरूदीन व अकील, SDM वकील अहमद के भाई है तथा ताहिर इनका चाचा है। इन्होने कहा कि हमारा भाई वकील अहमद बहुत बडा अधिकारी है और तावडू का जो अभी SDM है वो मेरे भाई के साथ का ही है और दोनो एक ही साथ नौकरी में लगे थे वो सारी सेटिंग करवा देगें, तू जल्दी से जल्दी पैसो का बन्दोबस्त कर।

3. इसके बाद मै हमारा चुनाव हार जाने के डर से तावडू बाई पास पर फकरूदीन ने अपने भाई वकील अहमद से मिलवाया। वकील अहमद ने कहा कि मै एक SDM स्तर का अधिकारी हू और चुनाव के नतीजे में पूरे नूंह जिले के सर्कल अधिकारी के तौर पर मेरी डियूटि लग जायेगी और यदि नही लगी तो अपने दोस्त SDM तावडू जो मेरा अच्छा दोस्त है और मेरे बैच का अधिकारी है, मै उसे बोल कर जिस गांव में तुम्हारी कम वोट है उस गांव की वोटिगं मशीनो में फर्जी तरीके से वोट डलवाकर तुम्हे चुनाव में जितवा दूगां मगर तुम्हे 10 लाख रूपये देने होगें और अगर पैसे नही दिये तो तुम्हारी हार निश्चित है। बातचीत के दौरान 9 लाख 60 हजार रूपये की रिश्वत लेने के लिये मान गया और वकील अहमद अधिकारी ने मुझसे कहा कि जिस गांव में तुम्हारे वोट कम है उसकी लिस्ट मेरे चाचा ताहिर को दे देना और जिस पर मैने अपने चुनाव में हार के डर के कारण 2 लाख 40 हजार वही पर वकील अहमद अधिकारी को दे दिये और उसने बाकि बचे हुये पैसो का इन्तजाम चुनाव की गिनती होने से पहले जल्द से जल्द करने को कहा।

4. इसके बाद फकरूदीन का फोन आया और बाकि बचे हुये पैसे देने बारे कहा। जिस पर मै तावडू बाजार में फकरूदीन से मिला, उसके मांगने पर 2 लाख 50 हजार रूपये मैने उसको दे दिये और उसने बाकि बचे हुये पैसे चुनाव गिनती होने से पहले जल्दी से देने को कहा। मैने जिस गांव में हमारे वोट कम लग रहे थे उन गांव की लिस्ट वकील अहमद HCS अधिकारी के कहे अनुसार उसके चाचा ताहिर को फोन पर व्हाटसअप के माध्यम

से भेज दी।

5. इसके बाद फकरूदीन का फोन आया और कहा कि बाकि बचे हुये पैसे लेकर आओं। जिस पर मै फकरूदीन से मिला और जिसके पैसे मांगने पर 2 लाख 20 हजार नगद दे दिये और फकरूदीन ने कहा कि बचे हुये पैसो का जल्दी से जल्दी बन्दोबस्त करो समय कम बचा है।

6. इसके बाद दिनांक 26.11.2022 को वकील अहमद, HCS अधिकारी के भाई अकील का फोन आया कि आप बचे हुये पैसो का जल्दी से जल्दी बन्दोबस्त करके मेरे घर पर मिलो। इसके बाद मै अकील के घर पर जाकर मिला और उसके मांगने पर 1 लाख रूपये नगद उसे दे दिये। और उसी दिन शाम को उसके घर पर जाकर बचे हुये पैसे 1 लाख 50 हजार रूपये अकील के मांगने पर दे दिये इस प्रकार मैने कुल 2 लाख 50 हजार रूपये दिनांक 26.11.2022 को रिश्वत के रूप में दिये। इस प्रकार मैंने वकील अहमद, HCS, उसके भाई फकरूदीन, उसके भाई अकील को अलग-2 समय के अन्तराल पर 9 लाख 60 हजार रूपये चुनाव में हार जाने के डर से रिश्वत के रूप में दिये। फकरूदीन और अकील को हमारे चुनाव में हार जाने के डर से मेरे द्वारा रिश्वत के दिये हुये 9 लाख 60 हजार रूपये के लेन -देन की वार्तालाप की रिकार्डिंग मेरे द्वारा समय-2 पर की गई जिसको आपको प्रस्तुत कर दूगां।

7. इसके बाद दिनांक 27.11.2022 को जिला परिषद, नूंह के चुनाव के नतीजे घोषित हुये और वार्ड न0 3 तावडू से मेरे भाई की पुत्र वधु मुरसीदा पत्नी युसुफ की हार हो गई। इसके बाद मैने अपने सारे पैसे वापस देने के लिये फकरूदीन, अकील व ताहिर से फोन पर सम्पर्क किया तो उन्होने मेरा फोन नही उठाया। इसके बाद मै फकरूदीन के घर गया तो उसने पहले ना नुकर करने के बाद कहा कि तुम्हारे पैसे उपर तक गये है आने में 8-9 महीने लग जायेगें। इसके बाद मैने इनसे बार-2 सम्पर्क करके पैसे लौटाने को कहा तो इन्होने मुझे धमकाया तथा रिश्वत बारे किसी को बताने पर अजांम भुगतने की धमकी दी। साहस करके मैने विजिलैंस विभाग से सम्पर्क किया तथा उन्होने मुझे कुछ सबूत लाने को कहा। इसलिये मुझे शिकायत करने में देरी हो गई। समय-2 पर पैसे लौटाने बारे वार्तालाप की रिकार्डिगं मैने की है वो मै आपको पेश कर दूगां।

8. इसके बाद मैने परेशान होकर वकील अहमद, HCS से फोन पर सम्पर्क किया तो उन्होने भी मुझे ना नुकर करते हुये रिश्वत में लिये हुये पैसे 8 -9 महीने में देने को कहा और रिश्वत के 7 लाख 10 हजार रूपये खुद के पास तथा बाकी रूपये उसके भाई अकील और चाचा के पास आने की बात कही है। जिसकी वार्तालाप की रिकार्डिग मैने कर ली है जिसे मै आपको प्रस्तुत कर दूगां। मेरा वकील अहमद, HCS, उसके भाई फकरूदीन, अकील व उनके चाचा ताहिर से कोई पहले परिचय नही था और ना ही कोई पैसो का लेन-देन है। अतः आपसे निवेदन है कि इस भ्रष्ट अधिकारी वकील अहमद, HCS, उसके भाई फकरूदीन व अकील व उनके चाचा ताहिर पर कानूनी कार्यवाही की जावे। पुलिस अधीक्षक महोद्य, राज्य चैकसी ब्यूरो, गुरूग्राम मण्डल, गुरूग्राम के कार्यालय के डायरी न0 2001 दिनांक 12.12.2022 के अनुसार एक मार्कशुदा शिकायत श्री सिराजुदीन पुत्र छोटे खां निवासी गांव थाना आलम उर्फ मसीत तहसील तावडू जिला नूंह प्राप्त हुई है। जिसके अवलोकन से अपराध जेर धारा 384, 420, 120 बी0 भा0द0स0 व 7A, 13(1)बी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 पाया गया है। आरोपीयो का कृत्य EX-Facie Criminal Nature का है। जिसके लिए मुख्य सचिव कार्यालय के पत्र क्रमांक न0 4/2/2021-1 VII Dated -26-7-2022 द्वारा जारी निर्देशो के तहत 7A भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की अनुमति की आवश्यकता नही है। उपरोक्त आरोपियो के विरूद् धारा 384, 420, 120 बी0 भा0द0स0 व 7A, 13(1) बी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अन्तगर्त अभियोग अकिंत करने के लिए तहरीर तैयार करके अनुमोदन हेतू इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5953/रा0चौ0ब्यू0 दिनांक 12.12.2022 के अनुसार महानिदेशक, राज्य चैकसी ब्यूरो, पंचकुला को भेजी गई थी जिस पर महानिदेशक राज्य चैकसी ब्यूरो हरियाणा पंचकुला के कार्यालय के पत्र क्रमांक 20227/गुप्त/रा0चौ0ब्यू0 दिनांक 23.12.2022 के अनुसार तहरीर अनुमोदित होने उपरान्त प्राप्त हुई है। उपरोक्त आरोपियान के खिलाफ उपरोक्त धाराओं के अनर्तगत अभियोग अकिंत करने के लिये लेख तैयार करके मुख्य सिपाही राजीव न0 2771/गुरूग्राम के माध्यम थाना राज्य चैकसी ब्यूरो, गुरूग्राम भेजी जा रही है। अभियोग अकिंत करके अभियोग संख्या से सूचित किया जावे। अभियोग स्पेशल रिपोर्ट की श्रेणी में आता है इसलिये अभियोग की स्पेशल रिपोर्ट स्पेशल वाहक के माध्यम से ईलाका मैजिस्ट्रेट व उच्च अधिकारियों को भिजवाई जावे। MANOJ KUMAR INSP. , 02/01/2023 निरीक्षक मनोज कुमार, राज्य चैकसी ब्यूरो, गुरूग्राम। At -1.30 PM अज थाना - आमदा तहरीर पर मुकदमा हजा बा जुर्म मजकुर दर्ज रजिस्टर किया गया । FIR की प्रतिया CCTNS द्वारा तैयार की गई । जो सेवा मे ईलाका मैजिस्ट्रेट साहब व अफसरान बाला को नियमानुसार भेजी जायेगी एक प्रति FIR बतौर स्पैशल रिपोर्ट इलाका मजिस्ट्रेट साहब नुहँ बदस्त HC राजीव कुमार न0 2771/गुरुग्राम के भेजी जा रही है । मुकदमा हजा की असल मिशल पुलिस मय आमदा तहरीर बराये तपतीश नि0 मनोज कुमार रा0 चौ0 ब्यूरो गुरुग्राम के पास भेजी जा रही है । आरिन्दा HC राजीव कुमार न0 2771/गुरुग्राम के हवाले की गई । नोट- श्री मान जी, CCTNS मे तकनीकी खराबी के कारण CCTNS मे प्र0 सु0 रिपोर्ट के हालात दर्ज नही किये गये और ना ही रपट दर्ज कि गई अत अब CCTNS चालु होने पर प्र0 सु0 रिपोर्ट की रपट दर्ज की गई है

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or ( या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Jai Chand **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 339 **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** KULDEEP SINGH

**Rank (पद):** SP (Superintendent of Police)

**No. (सं.):** IPS

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म-I)

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 01/01/1983 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 2 | Male | 01/01/1987 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 3 | Male | 01/01/1984 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 4 | Male | 01/01/1979 | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s)(आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**